6782

ई–मेल/स्पीड–पोस्ट

संख्या /यूपीनेडा–एसई–एम्पलस सोलर शक्ति प्रा.लि./50मे0वा0/सरकारी भूमि.लीज/2023
उ.प्र. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण,
विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ
दिनॉकः 21/3/2024

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद– झांसी।

विषयः मैसर्स एम्लस सोलर शक्ति प्रा.लि. गुडगांव द्वारा 50 मेगावाट क्षमता की सौर पावर परियोजना की स्थापना हेतु ग्राम0–मैंगाव तहसील– टहरौली, जनपद– झांसी में चिन्हांकित 0.808 एकड़ सरकारी भूमि को सौर ऊर्जा नीति–2022 के अन्तर्गत लीज पर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया अपने आदेश संख्या 11/12ए– डी0एल0आर0सी0/2023 दिनांक 12.01.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा ग्राम0–मैंगाव तहसील– टहरौली, जनपद– झांसी में 0.808 एकड़ सरकारी भूमि अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के पक्ष में पुनर्ग्रहित की गयी है।

उक्त के क्रम में सूचनीय है कि अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 1050/87–अति0ऊ0स्रो0वि0/2023 दिनांक 03 अगस्त,2023 (प्रति सलंग्न) के द्वारा सौर ऊर्जा नीति–2022 के अन्तर्गत सौर पावर परियोजनाओं की स्थापना के लिए निवेशकों को सरकारी भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्न दिशा–निर्देश निर्गत किये है।

शासनादेश के बिन्दु संख्या 01 में उल्लेखित है कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिये निजी क्षेत्र के निवेशको को रू. 15000/– प्रति एकड़/प्रतिवर्ष के लीज रेन्ट पर तथा सार्वजनिक उपकमों हेतु रू0 1.00 प्रति एकड़/प्रतिवर्ष के सांकेतिक मूल्य पर लीज पर 30 वर्षो के लिए भूमि उपलब्ध करायी जायेगी।

उपरोक्त के कम में शासन स्तर पर दिनांक 12.02.2024 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त पत्र संख्या 252/87–अति0ऊ0स्रो0वि0/2024 दिनांक 15.02.2024 (प्रति सलंग्न) के बिन्दु 2(ख) के अनुसार मैसर्स एम्लस सोलर शक्ति प्रा.लि. को ऑपेन एक्सेस के अन्तर्गत 50 मेगावाट क्षमता की सौर पावर परियोजना की स्थापना हेतु ग्राम0–मैंगाव तहसील– टहरौली, जनपद– झांसी में 0.808 एकड़ सरकारी भूमि को सौर ऊर्जा नीति–2022 के अन्तर्गत रू. 15000.00 प्रति एकड की दर से 30 वर्षो हेतु लीज पर दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है ।

मैसर्स एम्लस सोलर शक्ति प्रा.लि. गुडगांव द्वारा पत्र संख्या एएसएसपीएल–यूपीनेडा –23–24–40 दिनांक 15.03.2024 से वार्षिक लीज रेंट की धनराशि (0.808 एकड़ X Rs. 15000) कुल रू. 15,000.00 (रू0 पन्द्रह हजार मात्र) को यूपीनेडा में जमा कर दी गयी है (प्रति सलंग्न)।

.....2/–

अस्तु आपसे अनुरोध है कि कृपया मैसर्स एम्पलस सोलर शक्ति प्रा.लि. गुडगांव को 50 मेगावाट क्षमता सौर पावर परियोजना की स्थापना ग्राम0–मैंगाव तहसील–टहरौली, जनपद–झांसी में 0.808 एकड़ सरकारी भूमि को लीज पर दिये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

<u>सलंग्नकः</u>–यथोक्त।

भवदीय,

(अनुपम शुक्ला)
निदेशक,यूपीनेडा।

<u>प्रतिलिपिः</u>–1. मैसर्स एम्लस सोलर शक्ति प्रा.लि. गुडगांव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा झांसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जिलाधिकारी महोदय से सम्पर्क कर यूपीनेडा की ओर से लीज डीड संबंधित आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(अनुपम शुक्ला)
निदेशक,यूपीनेडा।